हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 30 वर्ष पुरानी तस्वीर ने ताजा की सिंधिया कासट परिवार की पुरानी...



07 दीपों की रोशनी से जगमगाया अशोकनगर रेलवे स्टेशन



समाचार संक्षेप

पितृहंता पुत्र को आजीवन कारावास

गुना। गुना के सत्र न्यायालय ने अपने पिता की हत्या के मामले में आरोपी विक्की उर्फ विकास जाटव को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास एवं 2,000 अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले में मध्यप्रदेश शासन की ओर से लोक अभियोजक अलंकार वशिष्ठ ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 की शाम ग्राम सगोरिया में मोटरसाइकिल की चाबी को लेकर विकास और उसके पिता रमेश जाटव के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि विकास घर के अंदर से गैंती लेकर आया और पिता के सिर पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल रमेश की उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय गुना में मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी का भाई विवेक कथित रूप से एकमात्र चक्षुदर्शी साक्षी था, लेकिन वह न्यायालय में अपने पुलिस बयान से मुकर गया और घटना के समय मौके पर मौजूद होने से इंकार कर दिया। इसके बावजूद न्यायालय ने मामले में प्रस्तुत परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की कड़ियों का परीक्षण करते हुए अभियोजन के पक्ष को स्वीकार किया। अदालत ने माना कि उपलब्ध साक्ष्यों से यह युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित होता है कि विकास ने ही मोटरसाइकिल की चाबी को लेकर हुए विवाद में गैंती से हमला कर अपने पिता रमेश की हत्या की थी।

गुना जिले में परिवहन विभाग की कार्रवाई

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। आरटीओ विक्रम सिंह राठौड़ एवं चेक प्वाइंट प्रभारी संतोष सिंह तोमर के नेतृत्व में दो खंभा क्षेत्र में बसों की जांच की गई। जांच के दौरान कुल सात यात्री बसों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बिना वैध परमिट संचालित एक बस को जप्त किया गया। इसके अलावा एक बस ओवरलोड पाई गई तथा दो अन्य बसों में तकनीकी एवं दस्तावेज संबंधी कमियां मिलने पर मोटरयान नियमों के तहत कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा संबंधित प्रकरणों में दो हजार रुपये का समन शुल्क भी वसूला गया।परिवहन विभाग ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से जिले में इस प्रकार की जांच कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

विश्व रोगी सुरक्षा दिवस, जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



गुना। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर मन मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एंड नेटवर्किंग समिति द्वारा संचालित मन मनोचिकित्सा संस्थान एवं नशामुक्ति नर्सिंग होम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 की थीम गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल और स्लोगन जीवन के लिए सुरक्षित देखभाल के तहत मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर एस.पी. जैन मुख्य अतिथि और पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर हर्षवर्धन जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि सही मरीज की पहचान, सही दवा, बेहतर संवाद, उचित दस्तावेजीकरण और संवेदनशीलता ही रोगी सुरक्षा के मुख्य आधार हैं। आयोजन के दौरान ओपीडी व आईपीडी के मरीजों और परिजनों को अपने उपचार को जानें गतिविधि के माध्यम से दवाओं की जानकारी रखने, बिना डॉक्टरी सलाह दवा बंद न करने और सुरक्षा निर्देशों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। भर्ती मरीजों को सुरक्षित वातावरण, दवाओं की सुरक्षा और आपातकालीन प्रोटोकॉल की जानकारी दी गई। अंत में मरीजों और परिजनों ने उपचार में सहयोग करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर मन समिति के कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मन अस्पताल के निदेशक डॉक्टर अनिल विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक डॉक्टर राममोहन गुर्जर सहित समिति के अंतर्गत कार्यरत समस्त चिकित्सक मौजूद रहे।

'महाराज! जिंदगी हो गई माला पहनाते-पहनाते, पर खाद नहीं मिला'

किसानों का दर्द सुन भड़के सिंधिया कलेक्टर से खुद बनवाई लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना दौरे के दूसरे दिन सर्किट हाउस में उस वक्त सन्नाटा छा गया, जब खाद की किल्लत से बेहाल दर्जनों किसान अपनी फरियाद लेकर सीधे उनके सामने जा पहुंचे। खाद की कालाबाजारी और सर्वर की मनमानी से तंग आ चुके एक किसान ने जब भरी सभा में हाथ जोड़कर दर्द बयां किया कि महाराज! जिंदगी हो गई माला पहनाते-पहनाते, लेकिन खेत के लिए दो बोरी खाद नहीं मिल पा रहा है, तो माहौल पूरी तरह गर्मा गया। किसान की बात सुनते ही सिंधिया का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमले को आड़े हाथों लिया।

ठीक है नहीं, जेब से पेन-पैड निकालिए

किसान की व्यथा सुनते ही केंद्रीय मंत्री ने पास खड़े गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए। जब कलेक्टर ने



औपचारिकता निभाते हुए ठीक है कहा, तो सिंधिया ने उन्हें रोकते हुए सख्त लहजे में कहा— ठीक है नहीं, नोट करिए। पेन और पैड निकालिए और हर किसान का नाम-नंबर दर्ज कीजिए। मैं अपनी ड्यूटी पर हर चीज नोट करता हूं, तो आपको भी करनी होगी। मंत्री के कड़े रुख को देखते ही मौके पर हडक़ंप मच गया। आनन-फानन में पेन-पैड मंगवाया गया और कलेक्टर ने खुद किसानों के नाम और मोबाइल नंबर कागज पर दर्ज किए।

ब्लैक में बंट रहा टोकन, पोर्टल हैक होने की आशंका

ग्रामीण इलाकों और पगारा से आए किसानों ने आरोप लगाया कि सोसायटी और खाद वितरण केंद्रों पर भारी धांधली चल रही है। किसानों का कहना है कि जैसे ही वे खाद की ऑनलाइन बुकिंग के लिए साइट खोलते हैं, कुछ ही सेकंड में सारे टोकन खत्म दिखाई देने लगते हैं। अन्नदाताओं ने ऑनलाइन सिस्टम हैक होने और बिचौलियों की सांठगांठ से टोकन कालाबाजारी में बेचने की गंभीर आशंका जताई। सिंधिया ने पूरी रिपोर्ट तैयार कर गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया।

रक्तदाताओं को अपने हाथों से पिलाया जूस

सर्किट हाउस में जनसुनवाई निपटाने के बाद सिंधिया सीधे जिला अस्पताल पहुंचे। वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत विशाल रक्तदान शिविर चल रहा था। मंत्री ने रक्तदाताओं से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और खुद अपने हाथों से उन्हें जूस पिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है और एक यूनिट रक्त किसी चिराग को बुझने से बचा सकता है। चार दिवसीय प्रवास के दौरान सिंधिया लगातार क्षेत्र में रहकर विकास कार्यों के लोकार्पण, जनसंवाद और जनता की सीधी समस्याएं निपटाने में जुटे हुए हैं।

मुस्लिम समाज के सामुदायिक भवन के लिए भूमि स्वीकृति की मांग

◆ सांसद सिंधिया को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मुस्लिम समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि स्वीकृत कराने की मांग को लेकर गुरुवार को समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद एवं केंद्रीय मंत्रीज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से सामुदायिक भवन के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने एवं स्वीकृति की प्रक्रिया में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मुस्लिम समाज एवं अध्यक्ष गुना विकास परिषद हाजी जुबेर खान के नेतृत्व में मुस्लिम समाज का प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि सामुदायिक भवन बनने से समाज के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध हो सकेगा। ज्ञापन देने वालों में समाजसेवी आरिफ खान, ज्वाइंट एक्शन कमेटी के उपाध्यक्ष अजहर खान, गुना विकास परिषद के सचिव हाशिम राइन, पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष रहीस भाई जैनुल सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

ओझा समाज ने उत्साह से निकाला भव्य जुलूस

भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा रही आकर्षण का मुख्य केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

श्री मैथिल ओझा समाज धर्मशाला ट्रस्ट द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती के मौके पर शहर से भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में भगवान विश्वकर्मा की विशाल मूर्ति आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने शहरवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

समाजबंधु हाथों से रथ खींचते हुए आगे बढ़ रहे थे और उनके पीछे रंग-बिरंगी झांकियां निकल रही थीं, जिनमें भगवान विश्वकर्मा के जीवन दर्शन एवं सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की गईं। जुलूस में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी पारंपरिक परिधान पहनकर शामिल हुईं। इस दौरान महिलाएं मंगल गीत गाती चल रही थीं, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं बच्चों और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शहर में जगह-जगह समाजबंधुओं और स्थानीय लोगों ने जुलूस का फूलमालाओं व स्वागत द्वारों से स्वागत किया। जुलूस का समापन धर्मशाला परिसर में हुआ, जहां भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी गई। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजबंधुओं और शहरवासियों का अपार सहयोग मिला, जिसके कारण आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

सड़क दुर्घटना में घायल के लिए मददगार बनी डायल-112

गुना। जिले के जामनेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक के सामने अचानक गाय आ जाने से हुए भीषण हादसे में डायल-112 सेवा के जवानों ने त्वरित तत्परता दिखाते हुए एक घायल व्यक्ति की जान बचाई। गत दिवस भोपाल राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर डायल-112 एफआरव्ही वाहन तत्काल मौके पर पहुँचा। घटनास्थल पर तैनात आरक्षक पंजाब गुर्जर और पायलट अर्जुन सिंह किरार ने पाया कि अचानक गाय सामने आने से बाइक चालक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जवानों ने बिना विलंब किए घायल को एफआरव्ही वाहन से शासकीय अस्पताल जामनेर पहुँचाया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे परिजनों के साथ गुना रैफर कर दिया। जवानों की इस संवेदनशीलता और मानवीय कार्य की सराहना हो रही है।

जमीनी विवाद में बुजुर्ग की हत्या

म्याना में घर पर पथराव, चले लाठी डंडे और धारदार हथियारों से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोपालपुर मारदा में पुराने जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बुधवार को हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों पर घर पर पथराव करने के बाद लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला करने का आरोप है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल माखन सिंह अहिरवार (65) की मौत हो गई, जबकि दोनों के करीब आधा दर्जन लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को माखन सिंह के शव का जिला अस्पताल में



पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजन गुलशन के अनुसार दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चला आ रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश में दूसरे पक्ष के लोग पहुंचे और घर पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद परिवार के सदस्यों पर लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमला किया गया। इसी मारपीट में माखन सिंह को गंभीर चोटें आईं और बाद में उनकी मौत हो गई।

वहीं घटना से जुड़े एक मामले में अभिषेक अहिरवार (21) ने म्याना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर के अनुसार 16 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे अभिषेक अपने चचेरे भाई गुलशन के साथ खेत से घर लौट रहा था। कुएं वाले खेत के पास गांव के लालजीराम से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। अभिषेक का आरोप है कि लालजीराम ने गाली-गलौज करते हुए हंसिए के बैंटे से उसके बाएं हाथ की छोटी उंगली पर वार किया और पीठ पर डंडा मारा। जाते समय जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मामले में पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने दो फड़ों से दबोचे 10 जुआरी, 11 000 से अधिक नकदी जब्त

गुना। जिले की म्याना थाना पुलिस ने जुआ और सट्टा माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गंगा कॉलोनी क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 10 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों फड़ से कुल 11,010 रुपये नगद और ताश की गड्डियां जब्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं।

गोदाम के पास 5 दबोचे

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ईशाक खान के गोदाम के पास गंगा कॉलोनी में कुछ लोग हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से सुनील कुशवाह, शफीक खान, बीरेंद्र जाटव, भरत कुशवाह और बीरेंद्र सिंह कुशवाह को पकड़ा। फड़ और आरोपियों के कब्जे से 5,880 रुपये नगद व 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए।

मकान के सामने छापा

पुलिस ने एक अन्य मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस बल ने ईशाक खान के मकान के सामने दबिश दी। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे नंदराम कुशवाह, मेहरबान चंदेल, नारायण कुशवाह, हीरालाल कुशवाह और राजेश ओझा को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। इनके कब्जे से 5,130 रुपये नगदी और ताश की गड्डी जब्त की गई। पुलिस ने सभी 10 आरोपियों पर बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई कर मामला विवेचना में लिया है।

बेलका तिराहे पर बेकाबू बाइक ने स्कूटी को मारी टक्कर

इधर जिले के वियजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलका तिराहे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटरसाइकिल चालक ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस सडक़ हादसे में स्कूटी सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खिरिया निवासी फरियादी हल्कू राम अहिरवार (63) अपनी पत्नी ग्यारसी बाई को स्कूटी एमपी 08-3478 पर बैठाकर इलाज कराने विजयपुर ले जा रहे थे। जैसे ही वे बेलका तिराहे से विजयपुर की ओर मुड़े, तभी डोंगर तरफ से आ रही मोटरसाइकिल एमपी 08-4874 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे में पति-पत्नी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल रूठियाई शासकीय अस्पताल ले जाया गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डेयरियों और दूध विक्रेताओं से लिए गए दूध, पनीर, मावा व घी के सैंपल

यूरिया और डिटर्जेंट समेत कई पदार्थों की हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मध्यप्रदेश के निर्देशों तथा कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जिलेभर में दूध और दुग्ध पदार्थों की लगातार जांच एवं सैंपलिंग की जा रही है।

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न डेयरियों एवं दूध विक्रेताओं से दूध के नमूने लेकर रेपिड टेस्ट किट के माध्यम से मौके पर प्राथमिक जांच की जा रही है। इस जांच में दूध में स्टार्च, सुक्रोज, साल्ट, ग्लूकोज, यूरिया और



डिटर्जेंट जैसे पदार्थों की मौजूदगी की जांच की जा रही है। इसका उद्देश्य दूध की गुणवत्ता की प्रारंभिक जांच कर संदिग्ध नमूनों को आगे की वैज्ञानिक जांच के लिए भेजना है।

कई डेयरियों से लिए नमूने

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दुर्गा चौक कैंट गुना स्थित गोस्वामी डेयरी और श्री राधे दूध डेयरी से दूध, पनीर एवं मावा के नमूने लिए। इसके अलावा ऊमरी स्थित कृष्णा दूध डेयरी, हाट रोड गुना स्थित चंदेल दूध डेयरी, पुरानी गल्ला मंडी स्थित शीतल दूध डेयरी प्रोडक्ट्स, श्रीराम कॉलोनी स्थित श्री गोपाल डेयरी तथा राधा कॉलोनी स्थित आनंद दूध डेयरी से भी विभिन्न दुग्ध उत्पादों के नमूने लिए गए। इन प्रतिष्ठानों से दूध के साथ-साथ घी, पनीर और मावा के नमूने भी जांच के लिए संग्रहित किए गए हैं। विभाग द्वारा लिए गए सभी नमूनों को आगे की विस्तृत जांच के लिए भोपाल भेजा गया है।

रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई

रेपिड टेस्ट किट से की जा रही जांच प्राथमिक स्तर पर दूध में मिलावट की संभावित स्थिति का पता लगाने में मदद कर रही है। वहीं, नमूनों की अंतिम और वैज्ञानिक जांच राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल में की जाएगी। विभाग के अनुसार प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित मामलों में खाद्य सुरक्षा नियमों के तहत नियमानुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

मिलावट के खिलाफ चल रहे अभियान की कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा समीक्षा भी की जा रही है। समीक्षा बैठक में उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को दूध एवं दुग्ध उत्पादों की नियमित जांच करने तथा मिलावट पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञापन से गरमाया माहौल, सांसद सिंधिया बोले: शांति बनाए रखें

मांगों को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक पहुंचाऊंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) रोलबैक, आरक्षण व्यवस्था में संशोधन तथा एससी/एसटी एक्ट में बदलाव की मांग को लेकर सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा ने क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के इस कड़े रुख और ज्ञापन के चलते जिले में राजनीतिक माहौल गर्मा गया, वहीं प्रशासनिक गलियारों में भी हलचल तेज हो गई। ज्ञापन सौंपते समय सवर्ण समाज संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि समाज लंबे समय से इन ज्वलंत मुद्दों को लेकर अपनी बात रख रहा है। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार द्वारा इन मांगों पर जल्द कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक व तीव्र किया जाएगा, जिसका सीधा असर आगामी चुनावों में भी देखने को मिल सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने समाज के प्रतिनिधियों से शांति एवं संयम बनाए रखने की अपील की। मोर्चा के अनुसार, सिंधिया ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे हर परिस्थिति में समाज के साथ हैं और राष्ट्रपति के समक्ष प्रमुखता से रखेंगे।

समाचार संक्षेप

असंतोषः कुंभराज तहसील के जनगणना प्रगणकों को 1200 कम भुगतान



कुंभराज। जनगणना के प्रथम चरण का कार्य मई 2026 में पूरे मध्य प्रदेश में संपन्न हुआ था। गुना जिले में शासन के आदेशानुसार 10,200 का भुगतान किया गया है। बताया गया है कि चाचौड़ा तहसील, राघोगढ़ तहसील एवं कुंभराज नगर पालिका क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को 10,200 का भुगतान किया जा चुका है। वहीं, कुंभराज तहसील क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को केवल 9,000 का भुगतान किया गया है। इस प्रकार कुंभराज तहसील के प्रत्येक प्रगणक एवं सुपरवाइजर को 1,200 कम भुगतान किया गया है। पूरे गुना जिले में केवल कुंभराज तहसील में ही भुगतान की राशि कम होने से संबंधित कर्मचारियों में असंतोष है। कर्मचारियों का कहना है कि इस अंतर का स्पष्ट एवं उचित कारण भी उन्हें नहीं बताया जा रहा है। इस संबंध में 15 सितंबर 2026 को जनगणना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रति प्रगणक एवं सुपरवाइजर शेष 1,200 की राशि शीघ्र भुगतान करने तथा कम भुगतान के कारण की स्पष्ट जानकारी देने की मांग की गई है। प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने मांग की है कि शासन के निर्धारित भुगतान के अनुसार उन्हें शेष राशि का शीघ्र भुगतान किया जाए, ताकि लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का समाधान हो सके।

गणेश ज्ञान परीक्षा का आयोजन

कुमराज। विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उनकी बौद्धिक क्षमता के विकास के उद्देश्य से गणेश ज्ञान परीक्षा का आयोजन गुना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, मंडी रोड, कुमराज में किया जा रहा है। यह परीक्षा 20 सितंबर 2026, रविवार को प्रातः 10:00 बजे आयोजित होगी। इसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। परीक्षा विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा, तर्कशक्ति एवं गणितीय ज्ञान को परखने का अवसर प्रदान करेगी। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में परीक्षा में शामिल होकर इस ज्ञानवर्धक एवं प्रतिभावर्धक आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

चाचौड़ा पुलिस ने गांजा सप्लायर दबोचा

गुना। जिले की चांचौड़ा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में तस्कर को गांजा उपलब्ध कराने वाला फरार सप्लायर को दबोचा है। दरअसल 31 मई 26 को पुलिस द्वारा गांजा तस्करी करते हुए आरोपी रामस्वरुप मीना निवासी ग्राम मांडाखेडा थाना कुंभराज जिला गुना को 1.19 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अप.क्र. 157/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विववेचना में लिया गया था। आरोपी द्वारा पूछताछ पर उक्त गांजा कुम्भराज निवासी करण सिंह मीना से खरीदकर लाना बताया गया था जिस पर से पुलिस ने प्रकरण में करण सिंह मीना को भी आरोपी शुमार करते हुए धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा किया जाकर आरोपी करण सिंह मीना की तलाश प्रारंभ की गई । जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास में गत दिवस मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी करण सिंह पुत्र कैलाशनारायण मीना निवासी कुम्भराज को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई में निरीक्षक दिलीप राजौरिया, सउनि राजेश यादव, प्रधान आरक्षक बिष्णु गुर्जर आदि भी भूमिका रही।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे सिंधिया

30 वर्ष पुरानी तस्वीर ने ताजा की सिंधिया कासट परिवार की पुरानी स्मृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार देर रात करीब 12 बजे भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्व. राजेंद्र कासट को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके निवास पर पहुंचे। इस दौरान बैठक हॉल में लगी करीब 30 वर्ष पुरानी एक तस्वीर पर उनकी नजर पड़ी। तस्वीर में उनकी दादी एवं पूर्व राजमाता स्व. विजयाराजे सिंधिया वर्ष 1994 में हुए चाचौड़ा विधानसभा उपचुनाव के दौरान स्व. रामवल्लभ कासट के समर्थन में आयोजित भाजपा की विशाल आमसभा को संबोधित करती नजर आ रही थीं। उस समय उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुनाव मैदान में थे। तस्वीर को देखते ही सिंधिया ने उसे अपने हाथ में लिया और कुछ क्षणों के लिए पुरानी स्मृतियों में खो गए। इस दौरान सिंधिया परिवार और कासट परिवार के दशकों पुराने संबंधों की चर्चा भी हुई। बताया गया कि सिंधिया घराने और कासट परिवार के संबंध लगभग छह दशक पुराने हैं। हिंदू महासभा के दौर से शुरू हुआ यह जुड़ाव संघ, जनसंघ और अब भारतीय जनता पार्टी तक की लंबी राजनीतिक एवं संगठनात्मक यात्रा में निरंतर बना रहा। कासट परिवार की तीसरी पीढ़ी के रूप में रोहित कासट भी मंडल अध्यक्ष के दायित्व के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कासट परिवार के सदस्यों को शोक की घड़ी में सांत्वना देते हुए हर संभव साथ देने की बात कही। उन्होंने परिजनों के साथ आत्मीयता से पारिवारिक चर्चा की। कासट परिवार की निष्ठा, समर्पण, त्याग, ईमानदारी और जनहित की भावना का भी उल्लेख किया गया। पुरानी तस्वीर को हाथ में लेकर सिंधिया भावुक नजर आए और उससे जुड़ी स्मृतियों को याद किया। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान उन्होंने परिजनों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। लंबे अंतराल के बाद सिंधिया परिवार के किसी सदस्य के कासट परिवार के निवास पर पहुंचने से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, उपाध्यक्ष जगदीश मीना, प्रबल प्रताप राजपूत, विधायक प्रियंका पेची सहित मंडल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

किले पर आमजन की समस्याएं सुन रहे विधायक जयवर्धन सिंह



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

विधायक जयवर्धन सिंह अपने स्थानीय निवास किले पर नियमित रूप से जनसुनवाई कर क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। राघोगढ़ में मौजूद रहने के दौरान विधायक प्रतिदिन अपने निवास पर आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनते और समझते हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, महिलाएं और बुजुर्ग अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर किले पर पहुंच रहे हैं। जनसुनवाई के दौरान विधायक जयवर्धन सिंह लोगों के बीच बैठकर एक-एक व्यक्ति से सीधे संवाद करते हैं। वे लोगों की समस्याओं को विस्तार से सुनने के साथ ही संबंधित विभाग और अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हैं। इस दौरान उनका प्रयास रहता है कि लोगों को अपनी समस्या बताने के लिए किसी तरह की परेशानी न हो और उनकी बात सीधे विधायक तक पहुंचे। किले पर आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीण विभिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। इनमें बिजली, पानी, सड़क, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, छात्रवृत्ति और आधार कार्ड से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आ रही हैं।

पीएम श्री के कक्षा 9वीं-10वीं के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

जयसिंहपुरा स्थित मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पटौदी के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया।विद्यार्थियों ने कंप्यूटर लैब, भौतिकी लैब, वाई-फाई युक्त लाइब्रेरी, रीडिंग रूम एवं स्मार्ट क्लासरूम सहित विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान महाविद्यालय के सहायक निदेशक नितिन गौरकर ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यावसायिक कौशल एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम में पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पटौदी के प्राचार्य धीरप सिंह भील, गजराज सिंह भील, वोकेशनल ट्रेनर भजन सिंह जाटव एवं शिक्षिका किशोरी मीणा उपस्थित रहे। वोकेशनल ट्रेनर भजन सिंह जाटव ने विद्यार्थियों को समय देकर मार्गदर्शन प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया। वीरेंद्र सेन ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. प्रदीप सेन तथा संचालक डॉ. मधु कृष्णानी एवं आनंद मंगल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उत्तम मार्दव धर्म पर मंगल प्रवचनः मुनिश्री ने अहंकार त्याग विनम्रता अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जैन धर्म के दस लक्षण महापर्व के द्वितीय दिवस उत्तम मार्दव धर्म के अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि अहंकारी व्यक्ति जीवन में कभी वास्तविक रूप से सफल नहीं हो सकता। अहंकार मनुष्य के पतन का प्रमुख कारण है। मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति चाहे कितना ही धनवान, शक्तिशाली, विद्वान और वैभवशाली क्यों न हो, यदि उसमें अहंकार आ गया तो उसका पतन निश्चित है। उन्होंने कहा, "अहंकारी फूल तो सकता है, फल नहीं सकता।" अहंकार व्यक्ति को दूसरों से दूर करता है और अंततः उसे अपमान का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा— "अहंकार में सब गया धन, वैभव और वंश; न मानो तो देख लो रावण, कौरव और कंस।" मुनिश्री ने इन उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि इतिहास में अनेक ऐसे शक्तिशाली एवं वैभवशाली व्यक्तियों का उल्लेख मिलता है, जिनका अहंकार ही उनके पतन का कारण बना।

मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने अहंकार के दुष्परिणाम को समझाने के लिए अष्टावक्र का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि एक विद्वान पंडित थे, जो शास्त्रार्थ में स्वयं को सबसे श्रेष्ठ मानते थे। जो भी व्यक्ति उनसे शास्त्रार्थ में पराजित होता था, उसे जल समाधि लेनी पड़ती थी। उनके आश्रम में अनेक विद्वान उनसे शास्त्रार्थ में हार गए और उन्हें जल समाधि लेनी पड़ी।

इसी क्रम में एक पंडित उनके साथ शास्त्रार्थ में पराजित हुए। उनकी जल समाधि के बाद उनके चार वर्षीय पुत्र ने संकल्प लिया कि वह बड़ा होकर उस विद्वान को शास्त्रार्थ में पराजित करेगा। आगे चलकर उसने अपने ज्ञान और प्रतिभा के बल पर उस विद्वान को शास्त्रार्थ में पराजित कर दिया।

सेवा संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान संचालित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला चिकित्सालय अशोकनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में पहुंचकर सेवा संकल्प अभियान के जिला नोडल अधिकारी अमित तोमर (आईएएस)प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम भोपाल एवं कलेक्टर साकेत मालवीय ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का पुनीत कार्य है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव सहित विभिन्न परिस्थितियों में समय पर उपलब्ध रक्त किसी व्यक्ति के लिए जीवनदायी साबित होता है। इसलिए स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

कलेक्टर ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी सराहना की तथा आमजन से अपील की कि वे भी रक्तदान के महत्व को समझें और पात्र होने पर रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,एसडीएम अशोकनगर इसरार खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का त्रिवेदी, सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. टैगोर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान संचालित किया गया है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर अभियान के जिला नोडल अधिकारी श्री अमित तोमर (आईएएस)प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम भोपाल एवं कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया।

बैंकर्स की जिला स्तरीय सलाहकार समीक्षा समिति की बैठक

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स की सलाहकार समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं की स्थिति, शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रकरणों तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही बैंकिंग सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने बैंक अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जन कल्याणकारी एवं स्वरोजगारमूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

पीएम मोदी के जन्मदिवस पर विधायक सहित कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मुंगावली अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर सेवा और मानवता का संदेश दिया।

इस अवसर पर मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव के साथ भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, जंडेल यादव, मोहन यादव, विवेक श्रीवास्तव एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अजितेश श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर अनेक साथियों सहित रक्तदान किया रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। शिविर के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण भी किया गया। इस पहल के माध्यम से मरीजों के प्रति संवेदना एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेंद्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरूवार को 11वे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के पूर्व जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन जिले के चिन्हित 9 स्थानों पर किया गया।

शिविर में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और पैरामेडीकल स्टाफ के द्वारा निःशुल्क औषधियों का वितरण कराया गया। जिससे संपूर्ण जिले में लगभग 700 रोगी लाभांवित हुए। शिविर में ग्रामीणों को दिनचर्या, ऋतुचर्या के महत्व को बताकर आयुष विधा से स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित जन समूह को योगाभ्यास कराया गया तथा नियमित योगाभ्यास के लाभों को बताकर प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताये गये।

ग्राम चिरौली में स्वामित्व योजना शिविर आयोजित



शाढ़ौरा। ग्राम पंचायत चिरौली में गुरुवार को शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण की गई तथा उन्हें संपत्ति के ई-रजिस्ट्रीकरण व योजना के लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

ग्रामीणों की हुई ई-केवाईसी, ई-रजिस्ट्री की दी गई जानकारी

शिविर में प्रशासनिक स्तर पर नायब तहसीलदार कार्तिकेय मुद्गल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को उनकी आवासीय भूमि का कानूनी दस्तावेज (अधिकार अभिलेख) प्राप्त होगा, जिससे जमीनी विवादों में कमी आएगी और बैंकों से ऋण लेना आसान होगा। कार्यक्रम में राजस्व विभाग से पटवारी शिवपूजन शर्मा, ग्राम सर्वेयर तौहीद खान तथा ग्राम सेवा केंद्र के वीएलई मुस्ताक खान ने उपस्थित रहकर ऑनलाइन सत्यापन, डेटा प्रविष्टि व ई-केवाईसी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने योजना से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी अधिकारियों से प्राप्त किया।

रेलवे स्टेशन की किला बंदी कर टिकट चेकरों ने की बिना टिकट यात्रा करने वाले 6 ट्रेनों के यात्रियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा और ट्रेनों में हो रही अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष जागरूकता सह जांच अभियान किलाबंदी चेक चलाया गया। भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन तथा एन के जाटव के नेतृत्व में अशोकनगर स्टेशन पर यह सघन चेकिंग अभियान संपन्न हुआ।

किलाबंदी चेक रेलवे की एक विशेष रणनीति है इसके तहत किसी भी लक्षित रेलवे स्टेशन या ट्रेन को चारों तरफ से घेरकर यात्रियों के टिकटों की शत-प्रतिशत जांच की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वालों पर रोक लगाना, आरक्षित श्रेणियों में अनधिकृत यात्रियों के प्रवेश को रोकना और आमजन को हमेशा वैध टिकट के साथ यात्रा करने के लिए जागरूक करना है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 7 से 10 टीटीई की विशेष टीम तैनात की गई थी। एन के जाटव के साथ टीम में गुना से 2 टीटीई और अशोकनगर से 1 टीटीई सहित अन्य 7-8 चेकिंग कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने स्टेशन के प्रवेश-निकास द्वारों और प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेनों की घेराबंदी कर गहन जांच की। कार्रवाई के दौरान स्टेशन से गुजरने वाली 6 प्रमुख ट्रेनों में सघन



टिकट चेकिंग की गई जिनमें प्रमुख रूप से बीना-नागदा पैसेंजर, दरभंगा-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस, रुठियाई-बीना मेमू, तिरुचिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस,भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेसऔर अहमदाबाद-दरभंगा साबरमती एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल थी इस चेकिंग के दौरान कुल 66 यात्री बिना टिकट अथवा अपनी श्रेणी से अलग यात्रा करते हुए पकड़े गए। मौके पर ही नियमविरुद्ध यात्रा कर रहे यात्रियों से कुल 47,910 रुपये का जुर्माना और रेलवे राजस्व वसूल किया गया।

अशोकनगर स्टेशन पर इस स्तर का किलाबंदी चेक पहली बार आयोजित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, बीना, गंजबासोदा, ब्यावरा, रानी कमलापति, इटारसी और भोपाल जैसे बड़े स्टेशनों पर यह अभियान हर महीने चलाया जाता है। अब अशोकनगर में भी यह कार्रवाई हर महीने नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई उन रेल खंडों में विशेष रूप से की जाती है जहाँ से बिना टिकट यात्रा की शिकायतें ज्यादा मिलती हैं या फिर जहाँ गाड़ियाँ तो भरी रहती हैं लेकिन टिकट बिक्री का राजस्व कम आता है।

खबर संक्षेप

करंट लगने से 3 बैलों की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत नीलेश तिवारी निासी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी के खेत रामनगर में आरोपी रघुवीर आदिवासी ने खेत की तार फेंसिंग में करंट डाल दिया जिससे रामनगर निवासी वाहिद खां के दो बैल एवं रघुराज पाल के एक बैल की करंट लगने से मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतग्रत ग्राम पीपरी धार पठार निवासी धर्मा बंजारा पुत्र सुक्का बंजारा उम्र 45 साल की लाली बंजारा के खेत में आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम थूवोन निवासी पत्नि स्वर्गीय मौकम सिंह किरार उम्र 38 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि श्याम सिंह लोधी निवासी थूवोन क्योस्क संचालक ने फर्जी तरीके से मृतिका भागवती बाई के खाते से धोखाधड़ी पूर्वक तीन हजार रूपए निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार जिले में 07 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया गया है। जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत ककराई में 18 सितम्बर 2026 को मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को सुनेगें तथा समस्याओं का मौके पर निराकरण कराया जायेगा।

अज्ञात चोर बाईक चुरा ले गए

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम जनौदा निवासी गुरूचरण राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेन तिराहे के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया, जिसका नंबर एमपी 67 जेड डी 3325 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दो बाईक आपस में टकराईं, एक की मौत चार घायल

अशोकनगर। जिले के पिपरई बांसखेडी सड़क मार्ग पर दो बाईक आपस में टकरा गईं इस घटना में एक बाईक सवार की मौत हो गई और उसकी पत्नि व बेटा घायल हो गया। जबकि दूसरी बाईक के चालक को भी गंभीर रूप से चोटे आई हैं। इस घटना में कुल 3 लोग घायल हुए हैं। घटना की कहानी यह है कि छीपौन निवासी करतार अहिरवार अपनी पत्नि अंजलि और एक वर्ष के बेटे के साथ अपनी ससुराल बांसखेडी जा रहा था। जबकि दूसरी ओर से शहवाज खान आ रहा था, इस घटना में दोनो बाईक आपस में टकरा गईं ,जिससे 22 वर्षीय करतार अहिरवार निवासी छीपोन की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नि और बेटे का उपचार जारी है। उधर दूसरी ओर बाईक चला रहे शहवाज खान भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है उसे भी उपचार के लिए भोपाल रैफर किया गया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी पहलवान प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामपाल सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहरी राय निवासी कल्याण सिंह कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी करण अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांकलपुर निवासी रश्मि लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गब्बर सिंह लोधी ने उससे मारपीट की ।

आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलवन कार्यक्रम हुआ आयोजित

दीपों की रोशनी से जगमगाया अशोकनगर रेलवे स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के शुभारंभ के अवसर पर आशीर्वाद का दीया, विकसित भारत के संकल्प का' जिला स्तरीय कार्यक्रम अशोकनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 01 पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना शर्मा ,पूर्व विधायक जजपाल सिंह, लड्डूराम कोरी सहित सामाजिक संस्थाएं,विभिन्न संगठन, नागरिकों द्वारा सहभागिता कर सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित किये गये। कार्यक्रम में रंगोली के माध्यम से भारत के मानचित्र की आकृति बनाकर दीपों से प्रज्वलित कर विकसित भारत 2047 का संदेश दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत

सुबह रक्तदान तो शाम को जले आशीर्वाद के दिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा। गुरुवार को सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। तो शाम को सभी ने घर-घर तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षीय जनप्रतिनिधि के रूप में जन सेवा के कार्यकाल पर विश्वास जताते हुए आशीर्वाद का दिया जलाया। और उनके दीर्घायु यशस्वी जीवन की कामना की। आज सुबह भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वहीं कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिला चिकित्सालय में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों और आमजन ने रक्तदान किया।

घरों और प्रमुख चौराहों पर जले आशीर्वाद के दिये

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर शाम के समय भाजपा कार्यकर्ताओं सहित केंद्र तथा राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने घरों तथा शहर के सार्वजनिक स्थलों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जनप्रतिनिधि के रूप में 25 वर्ष के जन सेवा के कार्यकाल पर आशीर्वाद के दीए जलाकर प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताया। भाजपा जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार शहर में शाम 06 बजे भाजपा जिला कार्यालय अशोक नगर शाम 06.15 बजे सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय अशोकनगर शाम 06.30 बजे तुलसी सरोवर विमान चबूतरा अशोकनगर शाम 06.45 बजे गांधी पार्क अशोकनगर, शाम 07.00 बजे इन्द्रा पार्क अशोकनगर उक्त कार्यक्रमों के पश्चात मुख्य कार्यक्रम शाम 07.00 से रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म नं. 01 अशोकनगर पर आयोजित किया गया। करीला धाम पर मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉक्टर केपी यादव ने दीप प्रज्जवलित किए।

चंदेरी में रक्तदान शिविर के साथ दीप यात्रा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदेरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर देश भर में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय स्तर पर विभिन्न सेवा और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर सिविल अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में हुआ। अभियान के प्रति एकजुटता दिखाते हुए जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित कुल अठारह कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज को सेवा का संदेश दिया।

माता जागेश्वरी मंदिर से निकली दीप यात्रा

रक्तदान शिविर के बाद शाम चार बजे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत माता जागेश्वरी मंदिर प्रांगण में एक भव्य आयोजन हुआ। यहाँ कार्यकर्ताओं और स्थानीय श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में दीप जलाकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद मंदिर प्रांगण से एक भव्य दीप यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई दिल्ली दरवाजा चैराहा पहुँची जहाँ कार्यकर्ताओं ने दीप प्रज्वलित किए।

लक्ष्मण मंदिर में महाआरती, रंगोली और दीर्घायु की कामना

शाम छह बजे यह यात्रा प्रसिद्ध परमेश्वर ताल स्थित लक्ष्मण मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं ने आकर्षक रंगोली सजाई और चारों तरफ दीप जलाकर भगवान श्री लक्ष्मण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।इस अवसर पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा देश की प्रगति, विकास और वैश्विक पटल पर भारत का मान बढ़ाने में दिए गए अभूतपूर्व योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।



सेवा संकल्प अभियान में जिला नोडल अधिकारी ने ली बैठक

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी श्री अमित तोमर (आईएएस)प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम भोपाल द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सेवा संकल्प अभियान के संबंध में बैठक ली। बैठक में निर्देशित किया कि जिले में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। अभियान के अंतर्गत निर्धारित बिंदुओं के तहत विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जाएं। उन्होंने गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाएं। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने सेवा संकल्प अभियान के जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत कार्य योजना के बारे में अवगत कराया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आर.बी.सिण्डोस्कर, विकास कुमार आनंद,एसडीएम इसरार खान सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बड़ी संख्या में समाज जन शामिल हुए

भगवान विश्वकर्मा जंयती पर शहर में चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस शहर में भव्य चल समारोह निकाल कर मनाया गया जिसमे भगवान विश्वकर्मा जी की भव्य झांकी, ढोल-धमाके और संकीर्तन के साथ ओझा समाज रामजानकी मंदिर बजरिया मोहल्ला से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्ग से होता हुआ बरखेड़ी स्थित समाज की धर्मशाला पहुचा।

जहां सभी ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा जी की पूजन- अर्चना, आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। मंच कार्यक्रम का संचालक श्रवण ओझा द्वारा किया गया। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष लल्लीराम ओझा ने दिया। समाज से मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश कुमार झा संरक्षक द्वारा महत्वपूर्ण बाते रखी गई। साथ ही रामकिशोर ओझा कोषाध्यक्ष की ओर से भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर निर्माण हेतु धर्मशाला के सामने प्लाट देने का प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम में विधायक हरिबाबू राय शामिल हुए व समाज के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। अन्त में ट्रस्ट अध्यक्ष ब्रजेश ओझा द्वारा सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।



टीचर्स भर्ती, प्रवेश फीस में वृद्धि व अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने नेहरू महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन को संबोधित करते हुए छात्र संगठन की कॉलेज इकाई अध्यक्ष विश्वीर भंडारी ने बताया कि एक शिक्षण संस्थान का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होता है, जिससे वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकें और समाज के विकास में योगदान दे सकें।

किंतु वर्तमान समय में हमारे महाविद्यालय में कई ऐसी समस्याएँ मौजूद हैं, जिनके कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। न तो कॉलेज में विभिन्न कोर्सेज के पर्याप्त प्रोफेसर्स हैं और न ही महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन हो पा रहा है, कॉलेज में संचालित होने वाले विभिन्न कोर्सेज की लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तकें नहीं है। इतनी सारी अव्यवस्थाओं के बीच छात्र पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि नियमित कक्षाएं संचालित की जाएं, लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध कराई जाए, पर्याप्त प्रोफेसर्स की भर्ती की जाए,पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध कराने, लैब चालू करने, एक्सपेरीमेंटल मटेरियल उपलब्ध कराने, लैब टेक्नीशियन की भर्ती करने,स्पोर्ट्स मटेरियल उपलब्ध कराने,नियमित साफ-सफाई करने, समय पर छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने, पीजी में मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, भूगोल, जूलॉजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री विषयों को शुरू किए जाने सहित 12 सूत्रीय मांगे की गई।



उन्होंने कहा कि बस सुविधा के नाम पर छात्रों से ली जा रही 360 की फीस छात्रों के ऊपर अतिरिक्त बोझ है। हर साल एडमिशन फीस में वृद्धि करना छात्रों को शिक्षा से दूर करने की साजिश है। छात्र संगठन महाविद्यालय के अंदर छात्र-छात्राओं के बीच बेहतर पठन-पाठन का माहौल तैयार करने का प्रयास कर रहा है। ज्ञापन के माध्यम से छात्रों की समस्याओं को कॉलेज प्रशासन को सूचित किया गया है प्रशासन की ओर से शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया है।साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री ,उच्च शिक्षा आयुक्त और अशोकनगर जिलाधीश को प्रेषित किया। छात्र हित में जहां भी जरूरत पड़ेगी छात्र संगठन छात्रों के साथ हमेशा खड़ा है। आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन को छात्र नीलेश भंडारी, कॉलेज कमिटी के सदस्य विकास राय, कॉलेज उपाध्यक्ष आरती केवट ने भी छात्रों को संबोधित किया।

श्री श्वेतांबर जैन समाज द्वारा सामूहिक क्षमावाणी व सम्मान समारोह

अशोकनगर। पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के समापन अवसर पर श्री श्वेतांबर जैन समाज द्वारा सामूहिक क्षमावाणी एवं सम्मान समारोह का आयोजन संस्था द्वारा संचालित मिलन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, विदिशा रोड, अशोक नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाठशाला के बच्चों द्वारा मंगलाचरण पाठ से हुआ। इसके पश्चात बालिका मंडल द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

सीमा सुराना द्वारा भावपूर्ण भजन के माध्यम से क्षमापना की गई। वहीं हंसा सुराणा द्वारा श्री वर्धमान स्वाध्याय संघ, जावरा से पधारे श्रावकजनों के सम्मान में अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने विगत वर्ष में मन, वचन एवं काया से जाने-अनजाने में हुई भूलों एवं



गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा याचना करते हुए "मिच्छामी दुक्कडम" कहा। क्षमा, मैत्री और आत्मशुद्धि के इस भावपूर्ण अवसर पर पूरे समाज में आध्यात्मिक एवं आत्मीय वातावरण रहा।

श्री वर्धमान स्वाध्याय संघ, जावरा का सम्मान

पर्युषण महापर्व के दौरान अशोक नगर पधारे श्रावक श्री अनिल जी तेलरा, श्री ऋषभ जी जैन बुधा एवं श्री ऋषभ जी रामशना का श्री संघ एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्मृति चिन्ह, शॉल एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। इन श्रावकजनों द्वारा विगत 8 दिनों से श्री वासुपूज्य श्वेतांबर जैन मंदिर में प्रतिक्रमण, प्रवचन एवं आरती-भक्ति सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों में अपनी सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर श्री संघ अध्यक्ष राजेंद्र कोचर एवं मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विनय सुराणा द्वारा श्रावकजनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रतियोगियों और तप आराधना करने वालों का भी सम्मान किया गया।

मोहर छठ पर महिलाएं विसर्जन करने पहुंची

राजपुर। मोहर छठ पर घर से दुल्हा-दुल्हन के मोहर महिलाएं अपने अपने सिर पर मिट्टी के कलशों में रख कर विसर्जन के लिए ले जातें हुए देखी गईं। राजपुर कस्बें में इस वर्ष जिन लोगों के यहां शादी विवाह हुए थें वह परिवार वालें अपने अपने मुकटो कों संभाल कर रखतें हैं साथ में लगन पत्रिका कों भी संभाल कर रखतें हैं जो बडी छठ कों घर घर पूजा अर्चना कर महिलाएं मंगल गीत गाते हुए विसर्जन के लिए ले जाते हुए भुजरियां तलाव पहुंची जहां पर उन्हें विसर्जित किया गया।



धर्म सभा को सुनने उमड़ी भीड़

मान की हानि करना ही मार्दव धर्मः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



आर्ट ऑफ लिविंग के इस सत्र में पर्वराज पर्युषण के मौके पर उत्तम मार्दव धर्म को समझाते हुये और इसके प्रतिपक्षी मान रूपी अधर्म को समझाते हुये, मान से किस प्रकार बचकर अपने जीवन में सरलता, सहजता और स्वाभाविक मृदुता को लेकर आवे। जिससे हमारा वैचारिक स्तर ठीक हो सके।

उन्होंने कहा कि दूसरे के गुणों के सम्मान में अगर हम आल्हाद महसूस करते हैं तो मानियेगा हमारे भीतर मृदुता-कोमलता धर्म आना शुरू हो गये हैं। अपने को गुणवान और श्रेष्ठ बना लो तो सम्मान अपने आप हो गया। जो मनस्वी पुरुष कुल, रूप, जाति, तप, ज्ञान और बुद्धि आदि के विषय में थोड़ा सा भी घमण्ड नहीं करता, उसके मार्दव धर्म होता है। प्रत्येक धर्म के साथ उत्तम विशेषण भी लगाया है। सामान्य धर्म की बात नहीं है, जो लौकिक रूप से सभी धारण कर सकते हैं। बल्कि विशिष्ट धर्म, उत्तम धर्म की बात यहाँ की जा रही है, जो संवर और निर्जरा के लिये कारण हैं। जिसमें दिखावा नहीं, जिसमें किसी सांसारिक ख्याति, पूजा, लाभ की आकांक्षा नहीं है। यही उत्तम विशेषण का महत्त्व है।


दूसरी बात यह है की क्षमा, मार्दव आदि जो हमारा निजी स्वभाव है, इसलिये भी उत्तम धर्म है। इसके प्रकट हुये बिना हमें मुक्ति नहीं मिल सकती। आज विचार इस बात पर भी करना है कि जब मार्दव हमारा स्वभाव है तो वह हमारे जीवन में प्रकट क्यों नहीं है? तो विचार करने पर ज्ञात होता है कि जब तक मार्दव धर्म के विपरीत मान विद्यमान है तब तक वह मार्दव धर्म को प्रकट नहीं होने देता। केवल मृदुता लाओ, ऐसा कहने से काम नहीं चलेगा, किन्तु उसके विपरीत जो मान कषाय है उसे भी हटाना होगा। जैसे हाथी के ऊपर अपराधी का बैठना शोभा नहीं देता, ऐसे ही हमारी आत्मा पर मान का होना शोभा नहीं देता। अहं करोति इति अहंकार। मैं करता हूँ यह जो भाव है यही अहंकार का भाव है। या कि आई एम समथिंग मैं कुछ हूँ इस तरह का भाव अहंकार है। नेम और फेम के इस गेम से जितना हम अपने आपको बचाते हैं उतनी ही हम शेम से बच यानि नेम (नाम) और फेम (ख्याति/प्रसिद्धि) के इस गेम (खेल) से जितना हम अपने आपको बचाते हैं उतना ही हम शेम (शर्मिंदगी होने) से बच जाते हैं। इतिहास साक्षी है इस मान कषाय के कारण ही रावण और कौरवों का पतन हुआ और उन्होंने शर्मिंदगी भी उठानी पड़ी।

महाराष्ट्र समाज ने चित्रकला और मेंहदी प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

महाराष्ट्र समाज द्वारा गणेश उत्सव का पर्व माधव भवन में मनाया जा रहा है। प्रतिदिन गणपति जी की आराधना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इस कड़ी में चिककला प्रतियोगिता और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया, इन प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार की आकृतियां पोस्टर पर तैयार की गईं जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। इन चित्रकलओं में एक से बढ़कर एक कल्पनाओं को साकार रूप दिया गया था। महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष प्रमेन्द्र तायड़े और सचिव योगेन्द्र जाधव ने बताया कि इसी मौके पर महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें महिलाओं ने अपने अपने हाथों में सुंदर मेंहदी सजाकर



देखी गईं। इस तरह प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

सुंदरकांड का आयोजन किया

सुभाषगंज में गणपति जी का पर्व रामलीला मंच पर धूमधाम से मनाया जा रहा है बीती रात आरती के पश्चात सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया, जहां राजीव पाठक और उनके साथियों द्वारा यह पाठ किया गया था। गुरूवार को झांकी स्थल पर आशीर्वाद का दिया भारत का मानचित्र बनाकर रंगोली बनाई गई। जिसका उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने किया।

खुजनेर सामुदायिक केंद्र की बदहाल व्यवस्था, आखिर कब सुधरेंगे हालात?

सरकारी अस्पताल की जांच में प्लेटलेट्स 29 हजार और प्राइवेट लैब में 3.41 लाख, रिपोर्ट को लेकर मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ब्लड जांच रिपोर्ट को लेकर एक महिला मरीज और उसके परिजनों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। मरीज जया जाटव ने सीबीएमओ खुजनेर को लिखित शिकायत देकर अस्पताल की लैब में प्लेटलेट्स की जांच गलत होने का आरोप लगाया है और संबंधित लैब स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, शिकायत के अनुसार 16 सितंबर 2026 को पेट दर्द की शिकायत पर जया जाटव को उनके पति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर शीला सिंह द्वारा ब्लड जांच लिखे जाने के बाद अस्पताल की लैब में जांच कराई गई। रिपोर्ट में प्लेटलेट्स काउंट महज 29 हजार बताया गया। रिपोर्ट देखकर महिला और उसके परिजन घबरा गए। इसके बाद परिजनों ने दूसरी जगह स्थित रामश्याम लैब में जांच कराई, जहां शिकायतकर्ता के मुताबिक प्लेटलेट्स काउंट करीब 3 लाख 41 हजार बताया गया। दोनों रिपोर्टों में भारी अंतर सामने आने के बाद मरीज के परिजनों ने सरकारी अस्पताल की जांच व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए।



इनका कहना है

सरकारी अस्पताल की लैब में कभी-कभी और प्राइवेट लैब की जांच में अंतर हो सकता है।

डॉ शीला सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर।


ब्लड जांच के पिछे किसका चल रहा खेल, यह जांच का विषय

डॉक्टरों द्वारा मरीजों के खून की लगातार करवाई जा रही जांच में आखिर क्या खेल चल रहा है, यह एक जांच का विषय है। या फिर जिले में बैठे भ्रष्टाचार अधिकारियों की मिली भगत से मरीजों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। देखने में यह आ रहा है कि भ्रष्टाचार के आगे सभी नम मस्तक हो चुके है। चाहे किसी की षिकायत हो, या न हो आज कल जिले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही है।

इतनी बड़ी विसंगति कैसे हो सकती

शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि एक ही मरीज की रिपोर्ट में इतनी बड़ी विसंगति हो सकती है, तो अस्पताल की लैब में होने वाली अन्य जांचों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। जया जाटव ने सीबीएमओ से मामले की जांच करवाकर दोषी पाए जाने वाले लैब स्टाफ के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब अस्पताल की रिपोर्ट डॉक्टर को दिखाई गई तो उसे सामान्य बताया गया, जबकि प्लेटलेट्स की रिपोर्ट को लेकर मरीज के परिजन पहले ही चिंतित थे। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर दोनों जगहों पर प्लेटलेट्स काउंट में इतना बड़ा अंतर क्यों आया? क्या अस्पताल की जांच में तकनीकी या सैंपल संबंधी गलती हुई, या दूसरी लैब की रिपोर्ट में अंतर है? इसका स्पष्ट जवाब जांच के बाद ही सामने आएगा।फिलहाल पूरे मामले की शिकायत सीबीएमओ डॉ सुरेन्द्र मित्तल से की है और निष्पक्ष जांच की मांग की है।





अस्पताल परिसर में बारिश के पानी से बने तालाबनुमा गड्ढे, डेंगू का बढ़ा खतरा

बीएमओ बोले- नपा को लिखा, नहीं हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

बारिश के बाद नगर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बनी हुई है, लेकिन सबसे गंभीर स्थिति सिविल अस्पताल परिसर में नजर आ रही है।

अस्पताल परिसर में डॉक्टरों के आवास, खून एवं पेशाब जांच केंद्र सहित अन्य स्थानों के आसपास बारिश का पानी जमा होकर तालाबनुमा गड्ढों में तब्दील हो गया है। कई दिनों से जमा गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के साथ ही अस्पताल के कर्मचारियों में भी डेंगू सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। अस्पताल परिसर में जगह-जगह पानी जमा होने के कारण मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल स्थिति बनी हुई है। ऐसे में मरीजों के उपचार का प्रमुख केंद्र स्वयं ही मच्छरजनित बीमारियों के खतरे की चपेट में आता नजर आ रहा है। इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. केएल भीलवारे ने बताया कि अस्पताल परिसर में बारिश के पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। पानी निकासी को लेकर नगर पालिका को लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।अब सवाल यह है कि अस्पताल परिसर में जमा गंदे पानी की निकासी कब होगी? यदि समय रहते जलभराव दूर नहीं किया गया तो मच्छरों का प्रजनन बढ़ने के साथ डेंगू और अन्य मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।

इनका कहना है...

अस्पताल परिसर में जहां भी बारिश का पानी भरा हुआ है वह पर अस्पताल प्रशासन को मुरुम मिट्टी डलवाना चाहिए।

-दीपक रानवे
सीएमओ नगर पालिका सारंगपुर।

अद्भुत नजारा



राजगढ़। एक अर्से बाद भारत के बड़े बांधों में शुमार राजगढ़ के मोहनपुरा बांध के सभी 17 रेडियल गेट गुरुवार को खोले गए। दरअसल, बांध प्रबंधन ने इन्हें टेस्टिंग परपस से कम ऊंचाई से खोला था अधिकारियों के अनुसार समय-समय पर सभी गेटों को खोला जाता है ताकि गेट्स के खुलने, बंद होने होने में कोई तकनीकी समस्या हो तो मालूम हो जाए। बहरहाल, काली, अंधियारी निशा में एक साथ सभी गेटों के खुलने का दृश्य काफी मनोहारी था।

अधोसंरचना योजना के तहत वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। नगर में अधोसंरचना मद के तहत करीब 4.5 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 2 में करीब 70 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन सड़क के कार्य को लेकर स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण में निर्धारित मापदंडों का पालन किया जाना चाहिए, ताकि निर्माण के बाद सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे।बताया जा रहा है कि वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सड़क की गुणवत्ता को लेकर लोगों ने निर्माण सामग्री, सड़क की मजबूती और कार्य की निगरानी को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। करोड़ों रुपए की लागत से शहर में अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे हैं, ऐसे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच की जरूरत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों पर बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद यदि निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन रहता है तो इसका सीधा असर सरकारी राशि और आमजन को मिलने वाली सुविधा पर पड़ता है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की जांच कराने और निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य सुनिश्चित कराने की मांग की है।



बोले जिम्मेदार

सीसी सड़क का कार्य गुणवत्तापूर्वक करवाया जाएगा। मैं इंजीनियर को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य दिखवाता हूं।

-दीपक रानवे सीएमओ नगर पालिका सारंगपुर।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

पेड़ की छाया की तरह प्रधानमंत्री मोदी का जनसेवा का संकल्प लोगों को दे रहा सहारा: विधायक मोहन शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार शाम करीब 5 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण स्थित श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर परिसर में विधायक मोहन शर्मा ने पौधरोपण किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पौधरोपण के अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार एक पौधा समय के साथ विशाल वृक्ष बनकर लोगों को छाया प्रदान करता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा का संकल्प लेकर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस योजना, जनधन योजना, मुद्रा योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को लाभ पहुंचाया गया है। वहीं किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने का काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंडी सचिव श्री त्यागी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनफूल सिंह बना, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, गोपाल राठौर, राकेश मीणा, राजा बना, विशाल राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शहर के अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र पर काम करने वाले पांडे ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर में किसानों को उचित मार्गदर्शन देकर कीनाषक दवाइयों और खाद बीज के माध्यम से लाभ दिलाने वाले एक 40 वर्षीय युवक ने अपनी लीला समाप्त कर ली है। जानकारी के मुताबिक शहर के अग्रवाल कृषि सेवा केन्द्र पर लंबे समय से काम करने वाले युधिष्ठिर पांडे ने गुना बायपास स्थित कमला लॉज परिसर में गुरुवार दोपहर करीब 2.30 बजे परिसर में बने टीन शेड के पोल से फांसी लगाकर जान दे दी। आसपास के लोगों ने युवक को फांसी पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर सिविल अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया मृतक की पहचान युधिष्ठिर पांडे (40) के रूप में हुई है। वह जैपली गांव के रहने वाले थे और फिलहाल ब्यावरा की आदर्श नगर कॉलोनी में रहते थे। जानकारी के अनुसार, युधिष्ठिर दोपहर में कमला लॉज परिसर पहुंचे थे। कुछ देर बाद उन्होंने टीन शेड के पोल से फांसी लगा ली।

मानसिक रूप से था परेशान

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव अस्पताल भेजा। युवक के इस कदम के पीछे का साफ कारण अभी सामने नहीं आया है। परिवार वालों के मुताबिक, युधिष्ठिर पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कक्षा 12वीं में पढ़ता है, जबकि छोटा बेटा कक्षा 5वीं का छात्र है। इस घटना के बाद परिवार में दुख का माहौल है।



इनका कहना है

मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस परिवार वालों और आसपास के लोगों से भी जानकारी इकट्ठा कर रही है, ताकि स्थिति साफ हो सके।

शिवराज सिंह चैहान, सिटी थाना प्रभारी ब्यावरा

देवनारायण जन्मोत्सव पर निकाली ध्वज यात्रा



खुजनेर। भादवी कि देवछठ शहर सहित क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर परंपरा के अनुसार नगर परिषद द्वारा देवमहाराज स्थान पर ध्वज लेकर पहुंचे। यहां परंपरा वर्षो से चली आ रही है कि देव महाराज स्थान पर नगर परिषद द्वारा वर्ष में एक बार शहर कि सुख-समृद्धि के लिए ध्वज चढ़ाया जाता है जो स्टेट समय से चली आ रही परंपरा है। देव स्थान पर एक दिवसीय मेला लगता है जहां देव महाराज कि विशेष पूजा अर्चना और महाआरती होती है नगर सहित क्षेत्र के श्रद्धालु देवमहाराज भगवान का दर्शन और आशीर्वाद लेने आते है। वहीं शहर के समीप भोणाजी महाराज के यहां भी सातम के दिन छठ का आयोजन किया गया। इस दौरान धर्मी देव की महाआरती कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी और लोगों ने आस्था के साथ भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर मरीजों को अस्पताल में फल बांटे



जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। विधायक हजारीलाल दांगी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के नेता जनप्रतिनिधि जिसमें भाजपा किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम टांक, भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई , नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार, ईश्वर सिंह तोमर बटावदा , डा. राम किरार , गुलाब सिंह भाटी ,अजय गुप्ता बैरिस्टर , विष्णु सिंह पवांर, कुशाल मंडलोई ,डा. राघवेंद्र वैध ,मुकेश मालाकार टेक्सी , गिरीराज जुलानियां ,श्याम राठौर ,कमल झावा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उन्हें फल वितरित कर उनके हाल चाल जाने तथा स्वस्थ होने की कामना की। जहां पर सिविल अस्पताल बीएमओ डॉ. सुनील चैरसिया सहित अस्पताल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

विश्वकर्मा जयंती पर भारतीय मजदूर संघ ने किया पूजन राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग का समर्थन



नरसिंहगढ़। भारतीय मजदूर संघ जिला राजगढ़ द्वारा गुरुवार को कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण, नरसिंहगढ़ में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन कर श्रम, कौशल और सृजन के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, तकनीक एवं श्रम के प्रतीक हैं। राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों, कारीगरों और तकनीकी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारतीय मजदूर संघ लंबे समय से विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मान्यता दिए जाने की मांग करता रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की पहल का भी समर्थन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बापू सुमन (जिला संयोजक, बांधव भारत योजना, जिला राजगढ़) एवं राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नागेंद्र सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों के सम्मान, संगठन की मजबूती एवं राष्ट्र निर्माण में श्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना, पेंशनर संगठन केसर सिंह नागर राज्य कर्मचारी संघ के जिला मंत्री यशवंत यादव, तुलावटी संघ के प्रदेश मंत्री धीरज नगर, जिला अध्यक्ष राजेश मेवाड़, राजेंद्र सिंह, आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के जिला संयोजक मंगलेश मेहरा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक, कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई भादवी छठ, निकाली भव्य शोभायात्रा

देवनारायण के जयकारे गूंजे, शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर


माचलपुर। भगवान देवनारायण की भादवी छठ के अवसर पर नगर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल रहा। इस अवसर पर सुतार मोहल्ला स्थित लिमड़ी वाले देवनारायण मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भगवान देवनारायण के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में समाज के घोड़ी पालकों ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया। पालकों द्वारा अपनी-अपनी घोड़ियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। घोड़ियों ने संगीत और ढोल की थाप पर नृत्य कर श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। घोड़ियों के नृत्य और उनकी आकर्षक साज-सज्जा को देखने के लिए मार्ग में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान देवनारायण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। पूरे मार्ग में जयकारों और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को भादवी छठ की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में समाज की एकजुटता और धार्मिक आस्था भी देखने को मिली। नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्रा वापस लिमड़ी वाले देवनारायण मंदिर पहुंची। यहां धार्मिक कार्यक्रमों के बाद महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

बड़ी होली में मिट्टी के गणेश बने आकर्षण का केंद्र, बच्चों ने स्वयं तैयार किया लालबाग के राजा की तर्ज पर भव्य पंडाल



सारंगपुर। गणेशोत्सव के अवसर पर नगर का वातावरण गणपति भक्ति से सराबोर है। बड़ी होली गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समिति ने इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण का संदेश देते हुए मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा स्थापित की है। प्रतिमा को भगवान श्रीकृष्ण के माखन खाते हुए बाल स्वरूप की भाव-भंगिमा में सजाया गया है। भगवान गणेश का यह बालसुलभ स्वरूप श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। प्रतिमा के दर्शन के लिए बड़ी होली सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

बच्चों ने अपने हाथों से सजाया पंडाल

आयोजन की खास बात यह है कि बड़ी होली के बच्चों ने स्वयं पंडाल निर्माण की जिम्मेदारी संभाली। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और मेहनत से लालबाग के राजा की तर्ज पर आकर्षक पंडाल तैयार किया। बच्चों और युवाओं की सक्रिय सहभागिता से तैयार यह पंडाल सामूहिक सहभागिता और नई पीढ़ी की रचनात्मकता का उदाहरण बना हुआ है। मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा के माध्यम से समिति ने पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव का संदेश दिया है। महाआरती के दौरान घंटियों की गूंज, आरती की ज्योति और गणपति बप्पा के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। युवा महाआरती की व्यवस्थाओं से लेकर प्रसाद वितरण तक में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पं. पंकज पालीवाल ने कहा कि बड़ी होली के युवा साथी पूरे उत्साह के साथ आयोजन में सहयोग कर रहे हैं। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन, युवाओं की ऊर्जा और बच्चों की सृजनशीलता से गणेशोत्सव श्रद्धा, संस्कार और सामुदायिक एकता का पर्व बन रहा है।